प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 30.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने संक्रमित रक्त मामले में सरकार से ब्लड डोनेशन कैंप, रक्त उपलब्धता और नेशनल ब्लड पॉलिसी के क्रियान्वयन पर मांगा विस्तृत रिपोर्ट ब्यौरा, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने चाईबासा ब्लड बैंक का किया निरीक्षण।
2. रेल मंत्रालय देशभर के 76 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया करेगा विकसित, झारखंड के रांची और टाटानगर स्टेशन शामिल।
3. आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे लोगों से भरा वाहन खूंटी में दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत, दो दर्जन घायल।
4. तोरपा की महिला एफपीओ को मिला राष्ट्रीय सम्मान, महिला किसानों के सशक्तिकरण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार ने किया सम्मानित।

और

5. चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से राजधानी रांची सहित कई जिलों में हो रही लगातार बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

***************

रांची और चाईबासा में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने सरकार को फटकार लगाई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने सरकार से ब्लड डोनेशन कैंप, रक्त उपलब्धता और नेशनल ब्लड पॉलिसी के क्रियान्वयन का विस्तृत ब्यौरा मांगा है। राज्य सरकार ने जवाब दिया कि सभी जिलों में न्यूक्लिक एसिड टेस्ट मशीनें लगाने और एसओपी तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

***************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज चाईबासा ब्लड बैंक का दौरा किया और एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना की जांच का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि संक्रमित मरीजों का कन्फर्मेशन टेस्ट कराया जा रहा है और पॉजिटिव पाए जाने पर दो–दो लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

***************

रांची में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने प्रेस वार्ता कर राज्य की हेमंत सरकार को आदिवासी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित आदिवासी बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाना सरकार की लापरवाही और आदिवासियों पर जानलेवा हमला है। आरती कुजूर ने कहा कि सरकार आदिवासी हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन हाल की घटनाएं उसकी नाकामी और दोहरे चरित्र को उजागर करती हैं।

***************

रेल मंत्रालय देशभर के 76 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया विकसित करेगा। झारखंड में रांची और टाटानगर रेलवे स्टेशन इस योजना में शामिल किए गए हैं। रेलवे

मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निर्देश दिया है कि सभी होल्डिंग एरिया 2026 के त्योहारी सीजन से पहले तैयार कर लिए जाएं।

***************

झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 3 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे से रांची के झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी की है।

***************

राज्य में तीन साल बाद नगर निकाय चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। राज्य कैबिनेट ने ओबीसी के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है, जिसके बाद दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच मतदान संभावित है जिस के तहत राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

***************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा के कथित पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग पर अब झारखंड हाईकोर्ट में कल सुनवाई होगी। अदालत ने अगली सुनवाई तक परीक्षा परिणाम जारी करने पर रोक बरकरार रखी है।

***************

खूंटी जिले के अड़की क्षेत्र से आदिवासी जनाक्रोश रैली में शामिल होने जा रहे लोगों से भरा वाहन बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईडीह के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर डीएसपी ओम प्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को बुंडू ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

***************

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

***************

खूंटी के तोरपा स्थित महिला कृषि बागवानी स्वावलंबी सहकारी समिति (एफपीओ) को महिला किसानों के सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार ने सम्मानित किया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में एफपीओ की अध्यक्ष एतवारी देवी को प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया। यह देश का पहला पूर्णतः महिला किसान उत्पादक संगठन है, जिससे चार हजार महिलाएं जुड़ी हैं और जिसने अब तक दो करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है।

***************

रांची के मोरहाबादी स्थित साइंस सेंटर में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद की ओर से तीन दिवसीय साइंस इनोवेशन कैंप की शुरुआत हुई। कैंप में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। रांची साइंस सेंटर के प्रभारी रघुवंशी मनी ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों में नवाचार की भावना विकसित करना आवश्यक है।

***************

लातेहार जिले स्थित पलामू रिजर्व क्षेत्र में बाघ समेत अन्य वन्य जीवों के सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल तैनात किये जाएंगे।

***************

सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड में हटिया राउरकेला रेलखंड के कनारोआँ स्टेशन के पास रेल लाइन एक को 26 घंटे बाद दुरुस्त कर लिया गया है। लाइन दो की मरम्मत का काम जारी है। रेल लाइन वन पर मालगाड़ी पास कराकर परिचालन आरंभ कर दिया गया है।

***************

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से रांची सहित राज्य के कई जिलों में बारिश जारी है, जिससे तापमान में गिरावट और ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कल तक बारिश की संभावना है जिस के तहत रांची, गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार में येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने बताया कि दो नवंबर के बाद मौसम साफ होगा और सर्दी का असर बढ़ेगा।

*******समाप्त********